**23-01-2024**

# तकनीकी कर्मियों के लिए दो सप्ताह का गुणवत्ता नियंत्रण प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ



संवाददाता पंकज अवस्थी, सच की अहमियत

कानपुर। उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ की प्रदेश में स्थित चीनी मिलों की गुणवत्ता नियंत्रण से संबंधित तकनीकी कर्मियों के लिए 02 सप्ताह का एक प्रशिक्षण कार्यक्रम शर्करा संस्थान में प्रारंभ हुआ। 02 चरणों में दिए जाने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न चीनी मिलों के 40 तकनीकविद भाग ले रहे हैं। निदेशक रमाकांत पांडे ने राष्ट्रीय शर्करा संस्थान से अनुरोध किया कि संस्थान संघ की चीनी मिलों के गुणवत्ता नियंत्रण से संबंधित तकनीकविदों को इन समस्त पहलुओं पर सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक जानकारी दें। चीनी मिलों में वांछित दक्षता पाने हेतु यह आवश्यक है कि प्रसंस्करण के दौरान रस, सिरप, चीनी एवं विभिन्न प्रकार के शीरों का सघन विश्लेषण करते हुए प्रक्रिया के निर्धारित मानकों को सुनिश्चित किया जाए । राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के निदेशक नरेंद्र मोहन ने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान तकनीकी कर्मियों को विश्लेषण में प्रयुक्त होने वाले आधुनिकतम उपकरणों एवं यंत्रों की जानकारी, उनके प्रयोग एवं अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार विश्लेषण करने की जानकारी दी जाएगी। साथ ही पर्यावरण संरक्षण एक गहन चिंता का विषय है, अतः इन तकनीकी कर्मियों को चीनी मिलों से निकलने वाले उत्प्रवाह के केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मापदण्डों के अनुसार विश्लेषण हेतु सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अशोक कुमार गर्ग ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में संस्थान के विभिन्न अनुभाग सहभागिता करेंगे एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा उनको सम्बंधित विषयों पर संपूर्ण जानकारी दी जाएगी जिससे कि संघ की चीनी मिलों की दक्षता एवं चीनी की गुणवत्ता में सुधार हो सके।